छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर
शैक्षणिक सत्र 2020–21 माह फरवरी
असाइनमेंट–6
कक्षा – दसवीं
विषय – हिन्दी

पूर्णांक–20

निर्देश :– दिए गए प्रश्नों को निर्देशानुसार हल कीजिए।
Instruction:- Please attempt the questions as per given instructions.

प्रश्न 1 प्रगतिवाद की तीन विशेषता लिखिए :– **अंक–3 शब्दसीमा–50–75**

प्रश्न 2 आपका नाम लिखे है आप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर में अध्ययनरत है, आप अपने प्राचार्य को पत्र लिखें। जिसमें आपके पिताजी का स्थानांतरण बिलासपुर हो गया है तो आप शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र अपने प्राचार्य से मांगे। **अंक–5 शब्दसीमा–100–150**

प्रश्न 3 दिये गये अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा गद्यांश के अंत में दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **अंक–5 शब्दसीमा–100–150**

अनुशासन का अर्थ है– नियम–विधियों का पालन करना। इसका सर्वोत्तम रूप है आत्मानुशासन। जिसके तहत स्व को मर्यादा व संयम के दायरे में रखा जाता है। अनुशासित व्यक्ति अपने आचरण से मूल्यों को व्यवहार में ढालकर आदर्श प्रस्तुत करता है। वह आत्म नियंत्रण से विवेकपूर्ण निर्णय लेता है कि कौन–सा कृत्य करने लायक है और कौन–सा त्याज्य। अनुशासन एक प्रकार का भाव है जो लोकमंगल की ओर प्रवृत्त रहता है। समाज, शासन, लोक तथा सदाचार आदि के नियमों का अनुपालन करना अनुशासन का अंग है। अनुशासन नैतिकता से परे नहीं है।

प्रश्न 1 उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
प्रश्न 2 सर्वोत्तम एवं अनुशासन शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए।
प्रश्न 3 अनुशासन क्या है? इसका सबसे अच्छा रूप क्या है।
प्रश्न 4 अनुशासित व्यक्ति की दो विशेषता लिखिए।
प्रश्न 5 अनुशासन और नैतिकता एक दूसरे से अलग नहीं है स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 4 अधोलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200–250 शब्दों में निबंध लिखिए:– **अंक–7 शब्दसीमा–200–250**
(अ) जीवन में खेलों का महत्व
(ब) छत्तीसगढ़ के तीर्थ – स्थल